रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BW 778563

मां फाउण्डेशन ट्रस्ट

ट्रस्ट का डीड

कुल 12 किता

स्टाम्प मु0 750/--

यह ट्रस्ट डीड मानेन्द्र कुमार पुत्र श्री सोहन पाल सिंह निवासी सिंधौली, पो0 कलियानपुर, तहसील अतरौली, जनपद–अलीगढ़, हाल निवासी–नगला महारी, पो0 कुमरौआ, तहसील व जिला–कासगंज (जो कि इस ट्रस्ट के गठनकर्ता है) द्वारा आज दिनांक 11-06-14 को तैयार करके प्रस्तुत की गयी है।

इस ट्रस्ट के गठनकर्ता श्री मानेन्द्र कुमार पुत्र सोहन पाल सिंह निवासी सिंधौली, पो0 कलियानपुर, तहसील अतरौली, जनपद--अलीगढ़, हाल निवासी--नगला महारी, पो0 कुमरौआ, तहसील व जिला--कासगंज द्वारा इस ट्रस्ट का निर्माण शैक्षिक व सामाजिक उत्थान एवं विकास के क्षेत्र में इस ट्रस्ट के माध्यम से सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन किया जा सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु गठनकर्ता द्वारा ट्रस्ट को परिसम्पत्ति के रूप में रूपया 10000/– (दस हजार) दान किया गया है।

ट्रस्ट के नियम व शर्तें

1 ट्रस्ट का नाम – मां फाउण्डेशन ट्रस्ट

2 ट्रस्ट का प्रधान कार्यालय – नगला महारी, पो0 कुमरौआ, तहसील व जिला–कासगंज होगा, परन्तु ट्रस्ट के ट्रस्टियों के बहुमत से कार्यालय का स्थान भी परिवर्तित किया जा सकेगा।

3 ट्रस्ट के उद्देश्य निम्नलिखित होंगे –

1. संस्था का उद्देश्य युवक–युवतियों के शैक्षिक सामाजिक, नैतिक, बौद्धिक, चारित्रिक, शारीरिक, साहित्यिक, रचनात्मक, कलात्मक उन्नति एवं विकास हेतु संस्थान द्वारा [illegible] में स्थान–स्थान पर स्कूल कॉलिज, आवासीय विद्यालय खोलकर उत्तम, आधुनिक वैज्ञानिक प्रणाली द्वारा प्राईमरी स्तर से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु संस्थाओं की स्थापना एवं उनका संचालन करना।
2. शिक्षा के विकास हेतु प्राईमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था हेतु स्कूल कॉलेज, कन्या विद्यालय डिग्री कॉलेज, पी0जी0 कॉलेज की स्थापना करना तथा निःशुल्क दूरस्थ शिक्षा, तकनीकी (इंजीनियरिंग) शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा औद्योगिक शिक्षा एवं ग्रामोद्योगी शिक्षा व कृषि शिक्षा व मेडिकल कॉलेज

मानेन्द्र कुमार